DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट (DCSD) परिवार का अभिवादन है,

उम्मीद करती हूँ पिछले सप्ताह शिक्षक सराहना सप्ताह के दौरान हमारे शिक्षकों को प्यार और सराहना का अनुभव हुआ होगा। मुझे सोशल मीडिया पर हमारे विद्यार्थियों, स्कूल प्रशासकों और समुदाय द्वारा हमारे शिक्षकों को उपहार, भोजन, धन्यवाद नोट और पत्र देने, और व्यापक सराहना करने की तस्वीरें देख कर बहुत खुशी हुई।

एक बार फिर से, मैं हमारे सभी शिक्षकों को हमारेविद्यार्थियों और डिस्ट्रिक्ट के लिए उनके द्वारा की जाने वाली सभी चीजों के लिए धन्यवाद करती हूँ। मुझे उम्मीद है कि हम इस स्कूल वर्ष का समापन करते समय भी हमारे शिक्षकों और स्टाफ के सदस्यों को अपना प्यार दिखाना जारी रखेंगे।

## एयर प्युरिफायर

पिछले सप्ताह, घोषणा की गई थी कि Atlanta समुदाय और व्यवसाय की ओर से दान में दी गई बड़ी धनराशि की बदौलत Healthe का अत्याधुनिक UVC एयर क्लीनिंग सॉल्युशन DCSD को प्राप्त होगा। Healthe Inc. और ऑपरेशन होप ने DCSD को 100 Healthe AIRTM सीलिंग ट्रोफर दान में दिए।

इस दानशीलता के लिए मैं Healthe, Inc. और ऑपरेशन होप को धन्यवाद करना चाहती हूँ। DCSD का सुविधा और परिचालन विभाग हमारे विद्यार्थियों और कर्मचारियों के लिए हमारे स्कूलों की सफाई सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन कार्य करता है। दान में दी गई यह धनराशि हवा में रोगाणुओं को कम करने के उनके प्रयासों को मजबूत करने में मदद करेगी।

स्कूलों के हाइब्रिड शिक्षा व्यवस्था को अपनाने के समय, DCSD ने सभी HVAC इकाइयों की सफाई का काम करने और फ़िल्टर बदलने सहित रखरखाव का कार्य संपन्न किया। इसके अलावा, परिचालन विभाग ने CDC और उद्योग के सुझावों के अनुसरण में वायु-संचार बढ़ाने के लिए HVAC इकाइयों को उचित रूप से समायोजित किया। हवा की सफाई के नए समाधान COVID-19 उत्पन्न करने वाले वायरस SARS-CoV-2 जैसे सूक्ष्मजीवों के संभावित प्रसार को कम करने के लिए मौजूदा शमन रणनीतियों को बेहतर बनाएंगे।

## अच्छी खबर

पिछले सप्ताह हमारे विद्यार्थियों और कर्मचारियों को और भी अच्छी खबरें प्राप्त हुई थी।

कृपया मेरे साथ मिलकर DeKalb अर्ली कॉलेज एकेडमी की स्नातक कर रही सीनियर Kalya Eades को The Home Depot से $5,000 की छात्रवृत्ति मिलने पर बधाई दें। उन्होंने निर्माण उद्योग के लिए अपने जुनून के बारे में निबंध लिखने के बाद यह छात्रवृत्ति जीती। Kalya हमारे DeKalb हाई स्कूल ऑफ टेक्नॉलॉजी–उत्तरी कैंपस में SkillsUSA का एक हिस्सा हैं। Kalya को इस शानदार छात्रवृत्ति के लिए बधाइयाँ!

एक समुदाय के तौर पर, आइए Tucker मिडिल स्कूल का हौसला बढ़ाएं जो Samsung की ओर से $15,000 जीतने की प्रतीक्षा कर रहा है। इस स्कूल ने पहले ही Samsung टेक्नॉलॉजी में $65,000 जीते हैं और इसका नाम 11वें वार्षिक Samsung सॉल्व फॉर टुमॉरो प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर पर अंतिम दौर में पहुंचने वाले 10 नामों में से एक था। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एक शिक्षा प्रतियोगिता है जिसमें ग्रेड 6-12 के विद्यार्थियों को STEM (विज्ञान, टेक्नॉलॉजी, इंजीनियरिंग, और गणित) कौशल का इस्तेमाल करते हुए स्थानीय समस्याओं का समाधान निकालने और उनके समुदायों में बदलाव की प्रेरणा देने की चुनौती दी जाती है। इस माह, Samsung $15,000 के साथ-साथ कम्युनिटी चॉइस अवार्ड के विजेताओं की घोषणा करेगी, और हमें उम्मीद है कि Tucker मिडिल के हमारे शानदार विद्यार्थियों को इसमें जीत हासिल हो!

अंत में, बड़े उत्साह से मैं हमारे संचार विभाग को बधाई देती हूँ, जिसने 27वें वार्षिक कम्युनिकेटर अवाड्र्स में जीत हासिल की। इस विभाग ने अधीक्षक की Cheryl Watson-Harris 100-दिवसीय रिपोर्ट के ऊपर अपने कार्य वास्ते कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस – वार्षिक रिपोर्ट के लिए उत्कृष्टता पुरस्कार जीता। यह कम्युनिकेटर अवाड्र्स सबसे बड़ा और सबसे चुनौतीपूर्ण पुरस्कार कार्यक्रम है जिसमें संचार विशेषज्ञों के लिए रचनात्मकता उत्कृष्टता को सम्मानित किया जाता है। हमारी कम्युनिकेशंस टीम और डिस्ट्रिक्ट के लिए यह एक शानदार जीत है। हमारी कड़ी मेहनत को मान्यता देने और अन्य प्रतिष्ठित संगठनों के बीच सम्मान देने के लिए हम आभारी हैं!

## वर्ष के कर्मचारी

पिछले सप्ताह, एक छोटे से समारोह में वर्ष के कर्मचारी का सम्मान पाने के बाद हमें बहुत खुशी हुई। हमारे पार्टनर Georgia यूनाइटेड क्रेडिट यूनियन को हमारे वर्ष के कर्मचारियों को शानदार उपहार देने के लिए धन्यवाद। इस वर्ष के विजेताओं को एक बार फिर से बधाई!

## 2021 के पहला और दूसरा स्थान पाने वाले विद्यार्थी

पिछले सप्ताह हमारे ड्राइव-थ्रू समारोह में हमारे 2020-2021 के पहला और दूसरा स्थान पाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करते हुए बहुत अच्छा लगा! आप सभी के चेहरों को देख कर और आपके प्रियजनों के साथ आपकी उपलब्धियों को सम्मानित होता देख बहुत अच्छा लगा। हमें आपके ऊपर बहुत गर्व है और उम्मीद करते हैं कि भविष्य में भी आप बेहतरीन चीज़ें करेंगे!

## TNTP ब्लॉग

मैं दक्षिण-पश्चिमी DeKalb हाई स्कूल की भूतपूर्व विद्यार्थी Shanequa Yates का धन्यवाद करना चाहूंगी जिन्होंने द न्यू टीचर प्रोजेक्ट (TNTP) ब्लॉग के लिए मेरा साक्षात्कार लिया। मुझे डिस्ट्रिक्ट द्वारा हमारे विद्यार्थियों को प्रेरणा देने, उपलब्धि पाने, और आगे बढ़ने का अधिकार प्रदान करने के प्रयासों पर चर्चा करने का अवसर मिला। मैं Shanequa और TNTP के साथ उनके कार्य, और डिस्ट्रिक्ट के साथ उनकी भागीदारी की सराहना करती हूँ। हमारे भूतपूर्व विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ता देख बहुत अच्छा लगता है।

**फ़ील्ड डे**

पिछले बुधवार, मुझे Stone Mill एलिमेंटरी स्कूल, Dresden एलिमेंटरी स्कूल और Cross Keys हाई स्कूल के स्कूल लीडरों और विद्यार्थियों से मुलाक़ात करने का सौभाग्य मिला। हमारे विद्यार्थियों को सफलता की राह पर बनाए रखने के लिए धन्यवाद! मुझे लीडरों को नेतृत्व करते देख अच्छा लगता है और इस माह आपके साथ और अधिक मुलाक़ात करने की उम्मीद करती हूँ। फ़ील्ड डे संपूर्ण संगठन में दो-तरफा संचार करने का बढ़िया अवसर होता है।

MOSAIC ग्रीष्मकालीन शिक्षा कार्यक्रम

स्कूल वर्ष के निकट आने के साथ ही, मैं हमारे विद्यार्थियों, माता-पिता/अभिभावकों और DCSD के कर्मचारियों को आगामी MOSAIC ग्रीष्मकालीन शिक्षा कार्यक्रम के बारे में याद दिलाना चाहती हूँ। इस कार्यक्रम के जरिए स्कूल डिस्ट्रिक्ट के शिक्षा से जुड़े केंद्रों यानी हमारे विद्यार्थियों, हमारे शिक्षकों का समर्थन किया जाता है और सुधार, वृद्धि, संवर्धन और सामाजिक भावनात्मक शिक्षा के जरिए विषयों को पढ़ाया जाता है।

हमारा लक्ष्य है अंग्रेज़ी के विद्यार्थियों, विकलांग विद्यार्थियों, और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों सहित सभी विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करना। आमने-सामने, मिश्रित और वर्चुअल शिक्षा के जरिए विद्यार्थी शिक्षक द्वारा दिए अनुदेश और इच्छानुरूप विद्यार्थियों के लिए निर्देशित सबक से लाभ प्राप्त करते हुए प्रमाणित, आकर्षक, और सार्थक अनुभव की प्राप्ति करेंगे।

MOSAIC ग्रीष्मकालीन शिक्षा कार्यक्रम के बारे में और अधिक जानने के लिए, यहाँ क्लिक करें।